फर्द अहकाम

नाम न्यायालय : सहायक कलक्टर, बस्सी

राजस्व वाद/प्रार्थना पत्र/मुकदमा नम्बर : प्रार्थना पत्र 213/2024

नहनूराम उर्फ नेतराम बनाम गणेशी

क्रम संख्या	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
	14.02.25	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी अधिवक्ता उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 4 के अधिवक्ता उपस्थित। अप्रार्थी संख्या 5 के सम्यक तामील मानी जाकर मूलवाद में अप्रार्थी सं0 5 विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जा चूकी है। अप्रार्थी अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र अस्थायी निषेधाज्ञा जवाब न देकर सीधे बहस करने हेतु निवेदन किया। उभयपक्ष अधिवक्ता की अस्थायी निषेधाज्ञा पर बहस सुनी गई। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजों का अवलोकन करने एवं उभयपक्ष अधिवक्ता द्वारा दौराने बहस जाहिर तथ्यों पर मनन करने के उपरान्त न्यायहित को ध्यान में रखते हुऐ वादग्रस्त आराजी ख0नं0 282/70 रकबा 1.0116 है0 स्थित ग्राम खिजूरिया ब्राहम्णान पटवार हल्का खिजूरिया ब्राहम्णान भू0अ0नि0 सांभरिया तह0 बस्सी जिला जयपुर के संवंध में उभयपक्षों को जरिये अस्थायी निषेधाज्ञा से पाबन्द कि उभयपक्ष मूलवाद 238/2024 नहनूराम उर्फ नेतराम बनाम गणेशी के निर्णय तक विवादित आराजी पर मौके एव रिकार्ड की यथास्थिति बनाये रखें। पत्रावली फैसल सुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर होकर नम्बर से कम हो। सहायक कलक्टर बस्सी, जिला जयपुर	